## बाबा बरुआ दास शिक्षण संस्थान के संस्थापक



**अध्यात्म पुरुष**

पूज्य श्री बाबा बरुआ दास महाराज साहेब

## महाविद्यालय के संस्थापक/नियामक प्राचार्य स्व. श्री राधेमोहन द्विवेदी



जिनके प्रण, प्रयास व पुरुषार्थ का परिणाम है हमारा महाविद्यालय

## बरुआ धाम पीठ के प्रथम उत्तराधिकारी महन्थ



**स्व. श्रीयुत् श्रीराम साहेब**

---

## बाबा बरुआ दास शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक



**महन्थ देवेन्द्र दास**

महाविद्यालय के प्रबन्धक
**श्री राम सहाय**



महाविद्यालय के प्राचार्य
**प्रो. के.के. मिश्र**



## बाबा बरुआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परुइय्या आश्रम–अम्बेडकर नगर

### संक्षिप्त परिचय

बाबा बरुआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, परुइय्या आश्रम, अम्बेडकर नगर को अपने स्थापना वर्ष 1970 ई0 से अयोध्या (फैजाबाद) मण्डल का प्रथम ग्रामीण महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। यह अम्बेडकर नगर जनपद के तीन प्राचीनतम महाविद्यालयों में से एक है। यह महाविद्यालय अयोध्या मण्डल मुख्यालय से 90 कि0मी0 सुदूर पूर्व में अम्बेडकरनगर जनपद के अन्तर्गत मालीपुर से जलालपुर मार्ग के 6 किमी पर अवस्थित है।

स्वामी बाबा बरुआ दास जी महाराज की प्रेरणा एवं पुण्य से संस्थापक प्राचार्य स्व0 श्री राधेमोहन द्विवेदी के अथक प्रयास के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम डॉ0 बी0 गोपाल रेड्डी ने 01 अप्रैल, 1970ई0 को परुइय्या आश्रम की बरुआ भूमि पर स्नातक महाविद्यालय खोले जाने की सहर्ष सहमति प्रदान की।

गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा जुलाई 1971 ई0 में कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र एवं अर्थशास्त्र विषयों के साथ महाविद्यालय को सम्बद्धता प्रदान की। फलस्वरूप 06 शिक्षकों एवं 70 छात्रों की सहभागिता से महाविद्यालय का सन् 1971 ई0 में सत्रारम्भ हुआ।

वर्ष 1975 ई0 में अवध विश्वविद्यालय की स्थापना के पश्चात् महाविद्यालय अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद (अयोध्या) से अभिसम्बद्ध हुआ। इसी वर्ष 31 मार्च, 1975 ई0 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुदान सूची में महाविद्यालय को सम्मिलित किया गया।

सतत विकास क्रम से 1977 ई0 में महाविद्यालय को वाणिज्य संकाय की सम्बद्धता अवध विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई। सन् 1981 ई0 में महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा धारा **2(F)** एवं **12(B)** में पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में 1986 ई0 में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एम0कॉम0 एवं स्नातकोत्तर उर्दू तथा प्राचीन इतिहास पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति एवं अवध विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्रदान की गई। सन् 2004 ई0 में हिन्दी एवं समाजशास्त्र, 2010 ई0 में संस्कृत एवं भूगोल में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता प्राप्त हुई। सन् 2018 ई0 में राजनीति विज्ञान एवं गृहविज्ञान में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक पाठ्यक्रम का शिक्षण प्रारम्भ हुआ। स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत विज्ञान संकाय की सम्बद्धता 2018 ई0 में प्राप्त हुई।
जिससे मैथ/बायो ग्रुप में शिक्षण कार्य प्रारम्भ हुआ।

महाविद्यालय का संचालन बाबा बरुआ दास शिक्षण संस्थान द्वारा किया जाता है। सम्प्रति बरुआ धाम के महन्थ श्री देवेन्द्र दास जी के संरक्षण एवं प्रबन्धक श्री राम सहाय जी के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

यह महाविद्यालय बाबा बरुआ दास जी महाराज एवं संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय पंडित राधेमोहन द्विवेदी जी की आधुनिकता एवं प्राचीनता, आध्यात्मिकता एवं भौतिकता के समन्वित प्रयास के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में एक अभिनव प्रयोग है। संस्था का मुख्य भवन संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय श्री राधेमोहन द्विवेदी के पुरुषार्थ का परिणाम है।

### आदर्श वाक्य

संस्था का आदर्श वाक्य है- ''श्रम, संयम, मितव्ययिता''





## प्राचार्य की कलम से.......................

प्रिय छात्र/छात्राओं !

बाबा बरुआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, परुइय्या आश्रम, अम्बेडकर नगर के सत्र 2023–2024 में प्रवेश हेतु आप का हार्दिक अभिनन्दन है। हमें आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि एक जिज्ञासु एवं नवोन्मेषी छात्र/छात्रा के रूप में प्रत्येक नवागत को इस महाविद्यालय का सदस्य होने पर गौरवानुभूति होगी।

यह महाविद्यालय अपनी स्थापना के समय से ही उत्कृष्ट शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों एवं दायित्वों के सम्पोषण एवं सम्वर्द्धन हेतु प्रतिबद्ध रहा है। इस महाविद्यालय से जुड़कर आप अपने जीवन के ऊर्जावान क्षण का उपयोग नवीन ज्ञान एवं कौशल अर्जित करने के लिए करेंगे। यहां पर उपलब्ध शैक्षिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा प्राध्यापकों के मार्गदर्शन से आप अपनी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व का विकास कर सकेंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

महाविद्यालय की पहचान इसकी उच्च स्तरीय शैक्षिक गतिविधियों, स्वस्थ परम्पराओं एवं उत्कृष्ट शोध कार्यों से है। अध्येताओं को अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विषय/पाठ्यक्रम के चयन की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में हिन्दी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, रक्षा अध्ययन, प्राचीन इतिहास विषयों एवं वाणिज्य संकाय में शोध कार्य को गति मिलने से महाविद्यालय उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान का केन्द्र बन गया है। इसके साथ ही वर्तमान एवं भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कला, वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों की शिक्षा के साथ हमारे योग्य एवं अनुभवी प्राध्यापक/प्राध्यपिकाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जागरूक एवं परिश्रमी छात्र/छात्राओं को नि:शुल्क परामर्श कक्षाओं की सुविधा प्रदान की जाती है।

महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए कतिपय नियम निर्धारित हैं। जिसका ज्ञान प्रत्येक नवागत को अभीष्ट है, क्योंकि नियमों की अज्ञानता बचाव का वैध साधन नहीं है।

महाविद्यालय परिवार अपने समस्त छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुखी क्षमताओं से परिपूर्ण करने का प्रयास करेगा।

शुभमस्तु

प्राचार्य
प्रो0 के0 के0 मिश्र

## विकास यात्रा : बाबा बरुआ दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परुइय्या आश्रम–अम्बेडकर नगर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 15 अगस्त, 1970 ई0 | महाविद्यालय की स्थापना |
| 2. | 31 जुलाई, 1971 ई0 (गोरखपुर वि0वि0 से) | कला स्नातक की सम्बद्धता |
| 3. | प्रथम सत्र 1971–72 (कुल 70 छात्र) | कला स्नातक संचालन (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र एवं अर्थशास्त्र) |
| 4. | 1975 ई0 | अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद से सम्बद्धता |
| 5. | 1975 ई0 | राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) का प्रारम्भ |
| 6. | 1975 ई0 | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित |
| 7. | 1977 ई0 | वाणिज्य स्नातक की सम्बद्धता |
| 8. | 1981 ई0 | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 2 (F) एवं 12 (B) में पंजीकरण |
| 9. | 1983 ई0 | उर्दू विषय में स्नातकोत्तर का शुभारम्भ |
| 10. | 1986 ई0 | एम0काम0 एवं एम0ए0 (प्राचीन इतिहास, उर्दू) पाठ्यक्रमों के संचालन की उ0प्र0 शासन द्वारा अनुमति एवं अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद द्वारा सम्बद्धता |
| 11. | 1996 ई0 | रोवर रेंजर्स का प्रारम्भ |
| 12. | 1998 ई0 | रेडक्रास का प्रारम्भ |
| 13. | 01–07–2004 ई0 | हिन्दी एवं समाजशास्त्र विषयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ |
| 14. | 01–07–2010 ई0 | संस्कृत एवं भूगोल विषयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ |
| 15. | 17–03–2017 ई0 | एम0काम0 एवं एम0ए0 (उर्दू, संस्कृत) की अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन |
| 16. | 04–05–2018 ई0 | राजनीति विज्ञान एवं गृह विज्ञान में स्ववित्तपोषित स्नातक पाठ्यक्रम का प्रारम्भ |
| 17. | 04–05–2018 ई0 | विज्ञान संकाय की सम्बद्धता एवं सत्रारम्भ (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित) |



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश/परीक्षा सम्बन्धी दिशा निर्देश

**स्नातक (बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0) एवं परास्नातक (एम0ए0/एम0काम0) स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली एवं सी0बी0सी0एस0 (CBCS) आधारित नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार सत्रः 2023–24 में प्रवेश हेतु–**

### 1. प्रवेश व्यवस्था एवं विषय चयन सम्बन्धी नियम——

1.01 विद्यार्थी यू0आई0एन0 रजिस्ट्रेशन के उपरान्त महाविद्यालय में अपने प्रथम प्रवेश के समय ही संकाय का चुनाव करेगा।

1.02 महाविद्यालय अनुमन्य सीटों एवं प्रवेश नियमों के आलोक में विद्यार्थी को सम्बन्धित संकाय में प्रवेश देगा।

1.03 स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय विद्यार्थी तीन मेजर (मुख्य) विषयों का चुनाव करेगा, जिसमें से दो मेजर विषय उसके चुने हुए संकाय के होंगे। तीसरा मेजर विषय वह अपने संकाय के अतिरिक्त दूसरे संकाय से ले सकता है, परन्तु महाविद्यालयीय व्यवस्था की सुचारुता के दृष्टिगत, अग्रिम आदेशों तक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा तीसरे मेजर विषय को भी धारा 08 की व्यवस्था के अन्तर्गत अपने संकाय से ही चयनित करना होगा।

1.04 स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय विद्यार्थी को चौथे विषय के रूप में प्रथम चार सेमेस्टर हेतु प्रतिवर्ष के क्रम में (अर्थात् प्रथम वर्ष में प्रथम सेमेस्टर तथा द्वितीय वर्ष में तृतीय सेमेस्टर में) एक माइनर–इलेक्टिव विषय अपने संकाय के किसी दूसरे विभाग से चयनित करना होगा ।

1.05 स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय विद्यार्थी को प्रथम चार–सेमेस्टर के लिए एक रोजगारपरक (Vocational) प्रशिक्षण–पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा।

1.06 स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम 03 वर्ष में विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर के क्रम में एक अनिवार्य सहगामी (Co-curricular) विषय का अध्ययन करना होगा।

1.07 स्नातक स्तर पर विषय के चयन में Pre-erequisite का विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। विद्यार्थी मेजर या माइनर–इलेक्टिव के रूप में वही विषय चयनित कर सकते हैं, जिसके लिए वह Pre-requisite को qualify कर रहे हों।

1.08 परास्नातक स्तर पर विद्यार्थी उन्हीं विषयों में प्रवेश प्राप्त कर सकता है जिन विषयों का अध्ययन उसके द्वारा स्नातक तृतीय वर्ष में किया गया है।

### 2. स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संकाय/विषय चयन की पात्रताः—

2.01 स्नातक स्तर पर कला संकाय/विज्ञान संकाय/वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत संचालित विषयों तथा परास्नातक स्तर पर विषय आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की पात्रता निम्नवत् निर्धारित की जाएगी—

| प्रवेश का संकाय/ पाठ्यक्रम | प्रवेश हेतु विद्यार्थी की पात्रता | |
|---|---|---|
| | विषय वर्ग | पात्रता अंक/प्रतिशत |
| विज्ञान संकाय (स्नातक) | इंटरमीडिएट– विज्ञान वर्ग | इंटरमीडिएट– 36% अंक |
| कला संकाय (स्नातक) | इंटरमीडिएट– कला वर्ग या विज्ञान वर्ग या वाणिज्य वर्ग या कृषि वर्ग या व्यावसायिक वर्ग | इंटरमीडिएट– 36% अंक |
| वाणिज्य संकाय (स्नातक) | इंटरमीडिएट– वाणिज्य वर्ग या हाई–स्कूल/इंटरमीडिएट में गणित अथवा इंटरमीडिएट में अर्थशास्त्र विषय के साथ कला वर्ग या हाई स्कूल/इंटरमीडिएट में गणित विषय के साथ विज्ञान वर्ग अथवा कृषि वर्ग अथवा व्यावसायिक वर्ग | इंटरमीडिएट– 36% अंक |
| एम0ए0 | बी0ए0 तृतीय वर्ष के विषय | बी0ए0– 40% अंक या समतुल्य ग्रेड |
| एम0काम0 | बी0काम0 | बी0काम0– 40% अंक या समतुल्य ग्रेड |

2.02 पात्रता एवं चरित्र प्रमाणन के आधार पर विद्यार्थी को प्रवेश देने अथवा न देने का सर्वाधिकार सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

## 3.01 कला संकाय– बी0 ए0 (स्नातक स्तर) हेतु विषय संयोजन–

महाविद्यालय स्तर पर संचालित कला संकाय के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर चयन हेतु उपलब्ध विषय निम्नांकित तालिका में सूचीबद्ध हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुरूप तथा महाविद्यालयीय व्यवस्था के दृष्टिगत स्नातक प्रथम सेमेस्टर में कला संकाय के अन्तर्गत प्रवेश के समय निम्नांकित तालिका से 03 मेजर विषयों का चुनाव चयन–सम्बन्धी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए करना होगा—

| समूह– अ | समूह– ब | समूह– स |
|---|---|---|
| 1. हिन्दी | 1. भूगोल | 1. प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व |
| 2. संस्कृत | 2. मनो विज्ञान | 2. इतिहास (मध्यकालीन एवं आधुनिक) |
| 3. अंग्रेजी | 3. गृह विज्ञान | 3. अर्थशास्त्र |
| 4. उर्दू | 4. रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (सैन्य विज्ञान) | 4. दर्शनशास्त्र |
| | | 5. राजनीति विज्ञान |
| | | 6. समाजशास्त्र |



## नोट–

(a) विद्यार्थी समूह अ, ब, स में से किसी एक समूह से अधिकतम दो विषयों का चयन कर सकता है।

(b) विद्यार्थी को 'प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व' तथा 'इतिहास (मध्यकालीन एवं आधुनिक)' विषयों में से किसी एक ही विषय का चयन करना होगा।

(d) 'गृहविज्ञान' विषय तथा 'रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन' विषय एक साथ चयनित नहीं किये जायेंगे।

## 4.01 विज्ञान वर्ग के छात्र निम्नलिखित में से किसी एक ग्रुप का चयन कर सकेंगे–

| Group-A Maths Group | Group-B Biology |
|---|---|
| 1- Physics | 1. Botany |
| 2- Mathematics | 2. Zoology |
| 3- Chemistry | 3. Chemistry |



## 5.01 वाणिज्य संकाय– (बी0 काम0) स्नातक स्तर हेतु विषय संयोजन

**Semester System (Year Wise) Structure of Faculty of Commerce UG (B.Com.)**

| | | Major 6 Credits Each | Major 6 Credits Each | Minor/ Elective 4/5/6 Credits | Minor Voc. 3 Credits | Minor Co-curricular 2 Credits | Major Industrial Training/ Survey/ Project 3/6/8 Credits | Credits | After Completion (Minimum Credits) (Max. Duration) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Year | Sem | Own Faculty | Any Faculty | Other Faculty | Vocat. Faculty | Co-curricular Course | Inter/Intra Faculty related to main subject | Total | |
| 1 | I | 1- Business Organization | Choose any one from the Following- | 1 | 1 | 1 | | 27/28/29 | Certificate in Commerce |
| | | 2- Business Statistics | 1. Buainess Communication | | | | | | |
| | | | 2. Introduction to Computer Application | | | | | | |
| | II | 1- Business Management | Choose any one from the following | | 1 | 1 | | 27/28/29 | |
| | | 2- Financial Accounting (4 Credit) | 1. Essentials of E-Commerce | | | | | | |
| | | 3- Computerised Accounting (Practical) (2 . Credit) | 2- Business Economics | | | | | | |
| 2 | III | 1. Company Law | Choose any one from the following | 1 | 1 | 1 | | 27/28/29 | Diploma in Commerce |
| | | 2. Cost accounting | 1. Business Regulatory Framework | | | | | | |
| | | | 2. Inventory Management | | | | | | |
| | IV | 1. Income Tax Law and Accounts | Choose any one from the following. | | 1 | 1 | | 27/28/29 | |
| | | 2. Fundamentals of Marketing (4 Credit) | 1. Fundamentals of Entrepreneurship | | | | | | |
| | | 3. Digital Marketing (Practical) (2Credit) | 2. Tourism and Travel Management | | | | | | |
| 3 | V | 1. Corporate Accounting (5 Credit) | | | | 1 | 30 days Training or Survey where economic activities are involved | 26 | Bachelor Degree in Commerce |
| | | 2. Goods and Services Tax (5 Credit) | | | | | | | |
| | | Choose any two from the following- | | | | | | | |
| | | 1. Business Finance (5 Credit) | | | | | | | |
| | | 2. Principles and Practices of Insurance (5 Credit) | | | | | | | |
| | | 3. Monetary Theory and Banking in India (5 Credit) | | | | | | | |
| | VI | 1. Accounting for Managers (5 Credit) | | | | 1 | Project | 26 | |
| | | 2. Auditing (5 Credit) | | | | | | | |
| | | 3. Comprehensive Viva (5 Credit) | | | | | | | |
| | | Choose any one from the following- | | | | | | | |
| | | 1. Financial Institutions and Market (5 Credit) | | | | | | | |
| | | 2. Human Resource Management (5 Credit) | | | | | | | |
| | | 3. Business Ethics and Corporate Governance (5 Credit) | | | | | | | |



नोट– वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत तीन मेजर विषयों का चयन बी0काम0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार करना होगा।

## 6. माइनर–इलेक्टिव विषय का चयन—

6.01 स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए माइनर–इलेक्टिव विषय का चयन अपने संकाय से किया जायेगा।

6.02 मेजर विषय के रूप में चयनित विषय को माइनर विषय के रूप में चयनित नहीं किया जा सकता है।

6.03 स्नातक स्तर पर प्रथम से चतुर्थ सेमेस्टर तक किसी विषय का प्रश्नपत्र सेमेस्टर के अनुक्रम में माइनर का प्रश्नपत्र होगा।

6.04 स्नातक के विद्यार्थी उन्हीं प्रश्नपत्रों को माइनर–इलेक्टिव के रूप में चयनित करेंगे जिसका सापेक्षिक क्रेडिट 4/5/6 होगा।

6.05 स्नातक के विद्यार्थी को प्रतिवर्ष के क्रम में माइनर–इलेक्टिव विषय चयनित करने की स्वतन्त्रता होगी। उदाहरण के लिए –यदि विद्यार्थी स्नातक प्रथम सेमेस्टर में किसी विषय को माइनर–इलेक्टिव के रूप में चयनित करता हैं तो उसकी परीक्षा उसे प्रथम सेमेस्टर में ही देनी होगी। समान व्यवस्था द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर में माइनर–इलेक्टिव विषय के चयन के लिए भी लागू होगी।

6.06 परास्नातक के विद्यार्थी को प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में विषय आधारित माइनर–इलेक्टिव प्रश्नपत्र का चयन करना होगा।

6.07 विद्यार्थी यदि स्नातक/परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में चयनित माइनर–इलेक्टिव विषय/प्रश्नपत्र की परीक्षा छोड़ देता है अथवा उसमें फेल हो जाने के बाद किसी दूसरे विषय/प्रश्नपत्र को माइनर–इलेक्टिव के रूप में लेना चाहता है तो वह द्वितीय सेमेस्टर में ऐसा कर सकता है। यही व्यवस्था तीसरे और चौथे सेमेस्टर के लिए होगी।

6.08 स्नातक का विद्यार्थी यदि प्रथम वर्ष में किसी प्रश्नपत्र को माइनर–इलेक्टिव के रूप में चयनित करते हुए उसमें उत्तीर्णांक प्राप्त कर लेता है तो समान प्रश्नपत्र को वह द्वितीय वर्ष में माइनर–इलेक्टिव के रूप में चयनित नहीं कर सकेगा।

## 7. स्नातक स्तर पर अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रम (Co-curricular)–

7.01 (a) स्नातक के विद्यार्थी को प्रति सेमेस्टर के क्रम में निर्धारित सहगामी पाठ्यक्रम (Co-curricular) का अध्ययन अनिवार्यतः करना होगा।

(b) अनिवार्य सहगामी–पाठ्यक्रमों (Co-curricular) का सेमेस्टर के अनुक्रम में वितरण निम्नवत् है–

| क्रम | वर्ष | सेमेस्टर | सहगामी पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम वर्ष | प्रथम सेमेस्टर | खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता (Food, Nutrition and Hygiene) |
| | | द्वितीय सेमेस्टर | प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (First Aid and Health) |
| 2 | द्वितीय वर्ष | तृतीय सेमेस्टर | मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environmental Studies) |
| | | चतुर्थ सेमेस्टर | शारीरिक शिक्षा एवं योग (Physical Education and Yoga) |
| 3 | तृतीय वर्ष | पंचम सेमेस्टर | विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस (Analytic Ability and Digital Awareness) |
| | | षष्ठ सेमेस्टर | संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास (Communication Skill and Personality Development) |

7.02 अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र को उत्तीर्ण करने तथा निर्धारित क्रेडिट की पूर्ति के लिए 33% उत्तीर्णता अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

## 8. स्नातक स्तर पर सत्र 2023–24 में प्रवेशित छात्रों के लिए कौशल विकास आधारित (Vocational)- पाठ्यक्रमों की सूची—

| SN | Title of Approved Vocational Courses | Paper Code (Theory) | Paper Code (Practical) |
|---|---|---|---|
| 1 | Tailoring and Embroidery | I010101T | I010102P |
| 2 | Yoga and Fitness | I140101T | I140102P |
| 3 | Computer Application | I160101T | I160102P |

8.01 स्नातक स्तर पर प्रवेशित प्रत्येक विद्यार्थी को वोकेशनल पाठ्यक्रम की सूची से अनिवार्यत: एक पाठ्यक्रम का चयन करना होगा।

8.02 वोकेशनल (Vocational) पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन 100 अंक के सापेक्ष निम्नवत् व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा
(a) विद्यार्थी के प्रशिक्षण (ट्रेनिंग आधारित) कार्य का मूल्यांकन 60 अंकों में किया जायेगा।
(b) विद्यार्थी के सैद्धान्तिक (अध्ययन आधारित) कार्य का मूल्यांकन 40 अंकों में किया जायेगा।

## 9. स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रश्न–पत्र का प्रारूप एवं परीक्षा व्यवस्था—

9.01 स्नातक पाठ्यक्रम के समस्त विषयों यथा– 03 मेजर विषय, 01 माइनर–इलेक्टिव विषय, 01 वोकेशनल विषय एवं 01 अनिवार्य को–करीकुलर विषय से सम्बन्धित प्रत्येक प्रश्नपत्र की परीक्षा 100 अंक के सापेक्ष सम्पन्न करायी जाएगी।

9.02 परास्नातक पाठ्यक्रम के समस्त विषयों से सम्बन्धित प्रश्नपत्रों यथा–विषय से सम्बन्धित 04 मेजर प्रश्नपत्र तथा विषय से सम्बन्धित 01 माइनर–इलेक्टिव प्रश्नपत्र की परीक्षा 100 अंक के सापेक्ष सम्पन्न करायी जाएगी।

9.03 स्नातक तृतीय वर्ष एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के सन्दर्भ में Industrial Training/Survey/Minor Research Project से सम्बन्धित दो क्रमागत सेमेस्टर के संयुक्त Report/Dissertation का मूल्यांकन 100अंकों में होगा।



9.04 स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम के प्रायोगिक विषयों से सम्बन्धित प्रायोगिक–कार्य/प्रश्नपत्र की परीक्षा 100 अंकों के सापेक्ष सम्पन्न करायी जाएगी।

9.05 स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम के मेजर विषयों/प्रश्नपत्रों तथा माइनर–इलेक्टिव विषय/प्रश्नपत्र की परीक्षा 25 प्रतिशत सतत आन्तरिक मूल्यांकन एवं 75 प्रतिशत बाह्य मूल्यांकन के आधार पर सम्पन्न करायी जाएगी।

9.06 सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों के 03 आन्तरिक मूल्यांकन होंगे जिनमें से 02 आन्तरिक मूल्यांकन 12.5 अंकों की लिखित परीक्षा के रूप में होंगे तथा 12.5 अंकों का 01 आन्तरिक मूल्यांकन असाइनमेंट (Assignment) एवं असाइनमेंट प्रेजेंटेशन (Assignment Presentation) के रूप में होगा।

9.07 प्रत्येक सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र में 03 आन्तरिक मूल्यांकन में से विद्यार्थी का 02 आन्तरिक मूल्यांकन की परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा अन्यथा सम्बन्धित प्रश्न–पत्र में उसकी बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता समाप्त हो जाएगी।

9.08 सेशनल–टेस्ट के लिए विद्यार्थी प्रत्येक सेमेस्टर में प्रत्येक विषय के लिए पृथक्–पृथक् रूप से एक 05 पृष्ठ का रजिस्टर बनाएगा जिस पर वह प्रश्नों के उत्तर अंकित करेगा। प्रत्येक विषय के रजिस्टर के प्रथम पृष्ठ पर विद्यार्थी द्वारा स्पष्ट रूप से अपना नाम, विषय/प्रश्न–पत्र का शीर्षक, रोल नम्बर, महाविद्यालय रजिस्ट्रेशन नम्बर (यदि है तो) और विश्वविद्यालय यू0आई0एन0 अंकित किया जायेगा। टेस्ट के उपरान्त यह रजिस्टर महाविद्यालय द्वारा मूल्यांकन हेतु जमा करा लिया जायेगा।

9.09 प्रायोगिक परीक्षा मात्र मेजर विषय से सम्बन्धित प्रायोगिक विषयों/प्रश्नपत्रों में सम्पन्न करायी जायेगी। इलेक्टिव विषय में प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान नहीं होगा।

9.10 (a) स्नातक पाठ्यक्रमों के अनिवार्य को–करीकुलर विषय की परीक्षा के लिए निर्धारित अंक 100 होगा।
(b) अनिवार्य को–करीकुलर विषय की परीक्षा बहु–विकल्पीय प्रश्नों पर आधारित OMR सीट पर होगी।

9.11 स्नातक तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष के अन्त में दोनों सेमेस्टर में की गयी शोध परियोजना का संयुक्त प्रबंध (Project Report/Dissertation) दो प्रतियों में जमा करेंगे।

## 10. विद्यार्थी उपस्थिति:—

10.01 किसी स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम के लिए प्रति प्रश्न–पत्र के क्रम में निर्धारित क्रेडिट की पूर्ति के लिए सम्बन्धित प्रश्न–पत्र के कुल निर्धारित व्याख्यानों/प्रायोगिक–सेशन के सापेक्ष विद्यार्थी की न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य होगी।

10.02 जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 75% से कम होगी, ऐसे विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र को प्राचार्य द्वारा सत्यापित नहीं किया जायेगा और वह परीक्षा से वंचित हो जाएगा।

## 11. ग्रेड (Grade) आधारित मूल्यांकन तथा उत्तीर्णता–श्रेणी (Division) निर्धारण:—

11.01 विद्यार्थी द्वारा स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम के प्रत्येक प्रश्न–पत्र में प्राप्त अंकों को तुलनात्मक ग्रेड में परिवर्तित किया जायेगा। इसके लिए यू0जी0सी0 द्वारा अनुशंसित निरपेक्ष–ग्रेडिंग (Absoute grading) के अन्तर्गत निम्नांकित 10 बिंदु आधारित ग्रेडिंग प्रणाली (10 Point based grading system) का उपयोग किया जायेगा।

| Marks (%) | Letter Grades | Description | Grade point (Original Attempt) |
|---|---|---|---|
| 91-100 | 0 | Outstanding | 10 |
| 81-90 | A+ | Excellent | 9 |
| 71-80 | A | Very Good | 8 |
| 61-70 | B+ | Good | 7 |
| 51-60 | B | Above Average | 6 |
| 41-50 | C | Average | 5 |
| 33-40 | D | Pass | 4 |
| 0-32 | F | Fail | 0 |
| AB (Absent) | AB | Absent | 0 |

11.02 स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 100 अंक के किसी सैद्धान्तिक/प्रायोगिक प्रश्न–पत्र को उत्तीर्ण करने के लिए विद्यार्थी को न्यूनतम सुरक्षित अंक 33 प्रतिशत/04 ग्रेड प्वाइंट/डी–ग्रेड (D-Grade) प्राप्त करना आवश्यक होगा।

11.03 विद्यार्थी द्वारा उपाधि के लिए अंतिम रूप से अर्जित CGPA के आधार पर उसे निम्नानुक्रम में उत्तीर्णता–श्रेणी (Division) प्रदान की जायेगी—

| | |
|---|---|
| 4.0 से 4.9 CGPA तक | तृतीय श्रेणी (III Divison) |
| 5.0 से 6.4 CGPA तक | द्वितीय श्रेणी (II Divison) |
| 6.5 से 7.9 CGPA तक | प्रथम श्रेणी (I Divison) |
| 8.0 से 10.0 CGPA तक | सम्मान सहित प्रथम श्रेणी (I Divison with Distinction) |

## 12. पाठ्यक्रम उत्तीर्णता अवधिः—

12.01 कला/वाणिज्य/विज्ञान संकाय के अन्तर्गत 06 सेमेस्टर के 'स्नातक पाठ्यक्रम' के लिए सामान्य स्थितियों में निरन्तरता के साथ पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने की अवधि 03 वर्ष है तथा 'परास्नातक पाठ्यक्रम' के लिए यह अवधि 02 वर्ष है।

## 13. शोध सुविधा :–

महाविद्यालय में हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, सैन्य विज्ञान, अर्थशास्त्र, उर्दू एवं प्राचीन इतिहास विषयों तथा वाणिज्य संकाय में शोध (पीएच0डी0) की सुविधा उपलब्ध है।



## 14. शैक्षणिक समय रेखाः—

14.01 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के आलोक में CBCS प्रणाली आधारित स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित शैक्षणिक गतिविधियाँ निम्नांकित शैक्षणिक–समय रेखा के अनुक्रम में सम्पन्न की जायेगी—

| क्रम | शैक्षणिक गतिविधियाँ | समय रेखा |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक सत्र | 01 जुलाई से अगले वर्ष 30 जून तक |
| 2 | विषम सेमेस्टर संचालन | 01 जुलाई से 31 दिसम्बर तक |
| 3 | विषम सेमेस्टर की प्रथम सेशनल (आन्तरिक) परीक्षा | 24 सितम्बर से 30 सितम्बर के मध्य |
| 4 | विषम सेमेस्टर की द्वितीय सेशनल (आन्तरिक) परीक्षा | 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य |
| 5 | विषम सेमेस्टर की तृतीय सेशनल (आन्तरिक) परीक्षा | 24 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य |
| 6 | वोकेशनल पाठ्यक्रम परीक्षा (आतंरिक/विषम सेमेस्टर) | 10 नवम्बर से 20 नवम्बर के मध्य |
| 7 | प्रायोगिक परीक्षा (विषम सेमेस्टर) | 10 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य |
| 8 | विषम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की अवधि | 05 नवम्बर से 20 नवम्बर के मध्य |
| 9 | विषम सेमेस्टर परीक्षा | 01 दिसम्बर से 24 दिसम्बर के मध्य |
| 10 | परीक्षा परिणाम (विषम सेमेस्टर) | 16 जनवरी से 20 जनवरी के मध्य |
| 11 | सम–सेमेस्टर संचालन | 01 जनवरी से 30 जून तक |
| 12 | सम सेमेस्टर की प्रथम सेशनल (आन्तरिक) परीक्षा | 25 मार्च से 31 मार्च के मध्य |
| 13 | सम सेमेस्टर की द्वितीय सेशनल (आन्तरिक) परीक्षा | 24 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य |
| 14 | सम सेमेस्टर की तृतीय सेशनल (आन्तरिक) परीक्षा | 25 मई से 30 मई के मध्य |
| 15 | वोकेशनल पाठ्यक्रम परीक्षा (आतंरिक/सम सेमेस्टर) | 10 मई से 20 मई के मध्य |
| 16 | प्रायोगिक परीक्षा (सम सेमेस्टर) | 10 मई से 30 मई के मध्य |
| 17 | सम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की अवधि | 05 मई से 20 मई के मध्य |
| 18 | एण्ड सेमेस्टर (सम सेमेस्टर) की परीक्षा | 02 जून से 25 जून के मध्य |
| 19 | परीक्षा परिणाम (सम सेमेस्टर) | 16 जुलाई से 20 जुलाई के मध्य |

## प्रवेशार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रवेश आवेदन–पत्र के साथ प्रवेशार्थी को पूर्व परीक्षाओं की स्व प्रमाणित अंकतालिकाएं, पूर्व संस्था द्वारा प्रदत्त टी0सी0 एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2. पूर्व कक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी होने की दशा में व्यक्तिगत छात्रों को चरित्र प्रमाण–पत्र किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त या नियमित छात्र के रूप में अन्तिम शिक्षा–संस्था द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण– पत्र संलग्न करना होगा।

3. किसी अन्य विश्वविद्यालय से आने वाले अभ्यर्थी को प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन सर्टिफिकेट) मूल रूप में प्रवेश आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना होगां

4. आरक्षित स्थानों के अन्तर्गत प्रवेश प्राप्ति का दावा करने वाले अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा तत्सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना होगा।

5. ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को जो किसी अपराध के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा दण्डित किया गया हो अथवा जिसके विरुद्ध फौजदारी या कोई अन्य आपराधिक मुकदमा चल रहा हो, प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

6. अनुचित साधन के अन्तर्गत दोषी पाये गये अभ्यर्थी का प्रवेश विश्वविद्यालय के निर्देशों के अन्तर्गत होगा।

7. अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् निरन्तर अध्ययनरत न होने की स्थिति में प्रवेशार्थी को इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

8. प्रवेश समिति द्वारा प्रवेश हेतु संस्तुत आवेदन–पत्र शुल्क काउण्टर पर पहुँच जाने पर छात्र को शुल्क जमा करके रसीद प्राप्त कर लेनी होगी।

11. छात्रवृत्ति हेतु इच्छुक छात्रों को प्रवेश के समय ही छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र पूर्ण करके जमा करना होगा।

12. राष्ट्रीय सेवा योजना में प्रतिभाग हेतु भरे हुए आवेदन–पत्र प्रवेश काउण्टर पर जमा करें।

13. किसी भी प्रवेशार्थी को प्रवेश देने या न देने का अधिकार प्राचार्य का होगा।

## विद्यार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

1. विद्यार्थी अपनी साइकिलें, स्कूटर, मोटर साइकिल आदि महाविद्यालय में बने हुए वाहन स्थल पर ही ताला लगा कर रखें। वाहन स्थल के अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर में अन्य स्थान पर वाहन रखना दण्डनीय है। दण्ड का निर्धारण अनुशासन समिति (प्राक्टोरियल बोर्ड) द्वारा किया जायेगा।

2. संस्था परिसर में धूम्रपान एवं पान, तम्बाकू, मादक द्रव्य आदि का सेवन दण्डनीय है।

3. संस्था की सम्पत्ति को हानि पहुँचाना, दीवारों पर लिखना अथवा पोस्टर चिपकाना दण्डनीय है।

4. गुरुजनों, कर्मचारियों के प्रति सम्मान का भाव रखना तथा संस्था के भीतर व बाहर ऐसा आचरण करना, जिससे उनके माता–पिता और संस्था गौरवान्वित हो सकें।

5. स्वस्थ एवं सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में उपलब्ध क्रीडा स्थल, पुस्तकालय, वाचनालय तथा प्रयोगशाला का प्रयोग करें।

6. महाविद्यालय परिसर में साइकिल चलाना, परिसर तथा बरामदे में कुर्सियाँ निकालकर बैठना तथा नियमित छात्रों के अतिरिक्त परिसर में प्राचार्य की अनुमति के बिना किसी अन्य का प्रवेश प्रतिबन्धित है।

7. अनुशासन एवं व्यवस्था के सम्बन्ध में प्राचार्य का निर्णय अन्तिम होगा।

8. छात्रों द्वारा किसी बैठक/सभा का आयोजन नियन्ता मण्डल की संस्तुति तथा प्राचार्य की अनुमति के उपरान्त ही होगा।



### महाविद्यालय का गणवेश (ड्रेस)

छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित ड्रेस में आना अनिवार्य है। ड्रेस का निर्धारण निम्न प्रकार से किया गया है–

छात्र :– काला पैन्ट, सफेद शर्ट एवं काला जूता–मोजा।
छात्राएँ :– छोटे चेक (लाल रंग) की कुर्ती/समीज तथा सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा एवं काली जूती सफेद मोजा।

### हरियालीयुक्त, प्लास्टिक मुक्त परिसर

परिसर को सतत हरा–भरा एवं स्वच्छ बनाये रखना संस्था का उद्देश्य है। परिसर में निषिद्ध श्रेणी के प्लास्टिक निर्मित सामान का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है। अतः विद्यार्थियों से अनुरोध है कि महाविद्यालय में प्लास्टिक के थैले, लिफाफे आदि लेकर परिसर में प्रवेश न करें।

### पुस्तकालय एवं वाचनालय

1. महाविद्यालय का पुस्तकालय पुस्तकों से परिपूर्ण है। महाविद्यालय में वाचनालय की व्यवस्था है, जहाँ बैठकर छात्र/छात्राएँ अपनी उपयोगी पुस्तकों एवं दैनिक पत्र /पत्रिकाओं का अध्ययन कर सकेंगे। पुस्तकालय से विद्यार्थियों को आवश्यकतानुसार 2–3 पुस्तकें एक बार में निर्गत की जा सकेंगी।

2. परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व विद्यार्थी को पुस्तकें वापस करना होगा। ऐसा न करने पर पुस्तकों का मूल्य, प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा। परीक्षा समाप्ति के एक सप्ताह के भीतर पुस्तकें जमा करने पर प्रतिभूति धनराशि वापस कर दी जायेगी किन्तु निर्धारित तिथि के बाद पुस्तक जमा न करने पर प्रतिभूति को ज़ब्त कर लिया जाएगा। पुस्तक खोने अथवा नष्ट होने पर उसका दो गुना मूल्य जमा करना अनिवार्य होगा।

3. वाचनालय में नोट्स बनाने के लिए छात्र/छात्रा अपने खाली वादन (Period) में रहेंगे तथा परिचय –पत्र जमा कर पुस्तक ग्रहण करेंगे तथा निर्धारित अवधि के पश्चात् वापस कर देंगे

### उपस्थिति

वर्तमान सत्र से उपस्थिति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये हैं : —

1. विश्वविद्यालयीय नियमानुसार परीक्षा में प्रवेश का अधिकार पाने के लिए विषय में न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति के लिए व्याख्यानों तथा प्रयोगात्मक कक्षाओं को भिन्न–भिन्न विषय माना जायेगा। आवश्यक उपस्थिति कम होने की दशा में परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा।
2. शुल्क न जमा करने अथवा कक्षा से निलम्बित किये जाने की अवस्था में किसी छात्र की उपस्थिति कक्षा में मान्य नहीं होगी।
3. प्रयोगात्मक परीक्षा में बैठने की अनुमति से ही किसी भी विद्यार्थी को यदि उसकी उपस्थिति किसी विषय में कम है तो उसे लिखित परीक्षा में बैठने का अधिकार नहीं मिल सकेगा।
4. विद्यार्थी को किसी परीक्षा में बैठने से रोके जाने पर विद्यार्थी अथवा उसके अभिभावक की ओर से उपस्थिति अथवा प्रगति की कमी की अज्ञानता मान्य न होगी।

### विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा

विद्यार्थी को विश्वविद्यालयीय परीक्षा का प्रवेश–पत्र प्राप्त करने के लिए उपस्थिति सम्बन्धी मानक पूर्ण करना होगा। महाविद्यालय के सभी देय शुल्क जमा करना तथा प्रयोगशालाओं एवं खेल का सामान, पुस्तकालय की पुस्तकें आदि वापस करना अनिवार्य है। उपर्युक्त के अभाव में विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा।

### परिचय-पत्र

1. परिचय–पत्र हेतु विवरणिका में संलग्न निर्धारित प्रारूप पूर्ण करके प्रवेश आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2. विद्यार्थियों को परिचय–पत्र सदा अपने साथ रखना चाहिए तथा अधिकारियों द्वारा माँगे जाने पर इसे दिखाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। परिचय–पत्र के अभाव में विद्यार्थी को महाविद्यालय परिसर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परिचय–पत्र को सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखना चाहिए। इसके खो जाने पर प्रार्थना–पत्र के साथ निर्धारित शुल्क जमा करने के एक सप्ताह बाद दूसरा परिचय–पत्र मिल सकेगा।

3. महाविद्यालय कार्यालय में किसी भी भुगतान अथवा शुल्क जमा करने के लिए काउण्टर पर परिचय–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

4. विद्यार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि परिचय–पत्र के प्रारूप पर हस्ताक्षर उन्हीं के द्वारा किया गया हो अन्यथा किसी भी प्रकार के बैंक भुगतान में हस्ताक्षर का मिलान सही न होने की स्थिति में भुगतान असम्भव होगा।

## शुल्क मुक्ति एवं छात्रवृत्तियाँ

विभिन्न शासनादेशों के अन्तर्गत महाविद्यालय के निर्धन संस्थागत छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। छात्रवृत्तियों का विवरण निम्नवत् है–

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति
2. पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति
3. अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति
4. सामान्य वर्ग छात्रवृत्ति
5. विकलांग छात्रवृत्ति
6. निर्धन छात्र सहायता कोष

## छात्रवृत्ति हेतु आवेदन के नियम

1. निर्धन छात्र कोष सहायता के अतिरिक्त अन्य सभी छात्रवृत्तियों के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा।
2. छात्रवृत्तियों के लिए प्रवेश तिथि से एक सप्ताह के भीतर आवेदन करना अनिवार्य होगा, जिससे छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र समय से सम्बन्धित कार्यालयों को प्रेषित किया जा सके।
3. आवेदनकर्ता छात्र/छात्रा का अम्बेडकर नगर जनपद के किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता होना चाहिए।
4. आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रमाण–पत्र—
   क. आनलाइन आवेदन की कॉलेज कापी (दो प्रति में)।
   ख. पूर्व कक्षा उत्तीर्ण अंक–पत्र की स्वप्रमाणित दो प्रति।
   ग. सामान्य वर्ग को छोड़कर अन्य सभी वर्गों के छात्र/छात्राओं के लिए जाति प्रमाण–पत्र की छाया प्रति स्वप्रमाणित दो प्रति।
   घ. आय प्रमाण–पत्र एवं निवास प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (दो प्रति में) स्वप्रमाणित।
   ङ. हाईस्कूल अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति अवश्य संलग्न करें।

नोट :– (1) आय, जाति और निवास प्रमाण–पत्र तहसीलदार/उपजिलाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्गत ही मान्य होगा।
(2) आवेदन–पत्र सम्बन्धित छात्रवृत्ति लिपिक के पास जमा करना होगा।



## क्रीडा परिषद्

महाविद्यालय क्रीडा परिषद् की देख–रेख में विद्यार्थियों को वालीबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, खो–खो एवं एथलेटिक आदि खेलों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। खेल के सामान 2 बजे के बाद वितरित किये जायेंगे।

## युवा महोत्सव

महाविद्यालय में विगत वर्षों से त्रिदिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थी को शैक्षिक एवं खेल–कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता का अवसर प्रदान किया जाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है जिससे खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का पूरा अवसर मिलता है। विश्वविद्यालय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के अवसर प्राप्त होते हैं।

## पत्रिका

